Regarding rail connectivity for Chatra District Headquarters, Jharkhand

श्री काली चरण सिंह (चतरा): यह अत्यंत दुख का विषय है कि आजादी के 75 वर्षों बाद भी चतरा जिला मुख्यालय रेल लाइन से नहीं जुड़ पाया है । वर्षों से स्थानीय जनता की यह मांग रही है कि उग्रवाद प्रभावित इस क्षेत्र में गया (बिहार) से झारखंड में चतरा जिला होते हुए चंदवा तक रेल सेवा का विस्तार किया जाए । इस रेल सेवा का विस्तार होने से रेल के राजस्व में भी वृद्धि होगी । मैं माननीय रेल मंत्री जी से यह विनम्र निवेदन करता हूँ कि चतरा जिला मुख्यालय को जल्द से जल्द रेल मार्ग से जोड़ने की दिशा में आवश्यक कदम उठाकर एक निश्चित समय-सीमा के भीतर चतरा से चंदवा तक रेल मार्ग का निर्माण किया जाए ।